**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 08.04.2026**

## जन शिकायतों के निस्तारण (IGRS) में गाजियाबाद पुलिस ने मार्च माह में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के समुचित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है, प्रदर्शन के आधार पर मासिक रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण / यथोचित कार्यवाही कराते हुए पोर्टल पर आख्या की फीडिंग की जाती है।

एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत माह मार्च में कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के फलस्वरूप सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के अंतर्गत कमिश्नरेट के समस्त 25 थानों द्वारा भी IGRS में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है. जो कमिश्नरेट पुलिस के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**आई0जी0आर0एस0 रैंक, मार्च 2026**

| क्र०स० | थाना | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,गाजियाबाद कोतवाली , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 2 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,लोनी , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 3 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मसूरी , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 4 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,टीलामोड , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 5 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,अंकुर विहार,गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 6 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,विजय नगर , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 7 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,कौशाम्बी , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 8 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,नंदग्राम , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 9 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,खोडा , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 10 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,इन्द्रापुरम , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 11 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,कविनगर , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 12 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,साहिबाबाद , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 13 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,क्रासिंग रिपब्लिक ,गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 14 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,भोजपुर , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 15 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,ट्रोनिका सिटी , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,निवाड़ी , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 17 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,सिहानी गेट , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 18 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,वेव सिटी ,गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 19 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मधुबन बापूधाम , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 20 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मुराद नगर , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 21 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मोदी नगर , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 22 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,लिंक रोड , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 23 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,शालीमार गार्डन ,गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 24 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,महिला थाना , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |
| 25 | थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,लोनी बोर्डर , गाजियाबाद | 100 | 100 | 100 | 1 |

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा IGRS पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान, निष्पक्ष जांच, शिकायतकर्ता से संवाद एवं समयसीमा के पूर्ण अनुपालन के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गयी । नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निस्तारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई।

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस के प्रथम स्थान प्राप्त करने के मुख्य बिन्दुः-

- ❖ मार्च माह में समस्त IGRS सन्दर्भों का नियत समय से पूर्व निस्तारण किया गया, जिससे माह में कोई भी सन्दर्भ डिफाल्टर नहीं हुआ।
- ❖ उ०प्र० शासन, लखनऊ द्वारा माह मार्च में गाजियाबाद पुलिस के कुल 548 IGRS सन्दर्भों पर फीडबैक लिया गया जिसमें से 518 आवेदकों द्वारा स्वयं को पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट होना बताया, जिससे गाजियाबाद पुलिस का संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत 94.53 रहा, जिससे स्पष्ट है कि गाजियाबाद पुलिस में आवेदक की समस्या का समुचित रूप से निस्तारण किया जा रहा है।
- ❖ उ०प्र० शासन, लखनऊ द्वारा माह मार्च में गाजियाबाद पुलिस के कुल 548 IGRS सन्दर्भों पर फीडबैक लिया गया जिसमें से 529 आवेदकों द्वारा बताया गया कि सम्बन्धित पुलिस अधिकारी द्वारा उनसे सम्पर्क किया गया। जिससे गाजियाबाद पुलिस का आवेदक से सम्पर्क करने का प्रतिशत 96.53 रहा।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद श्री जे० रविन्दर गौड द्वारा कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति समर्पित रहते हुए शिकायतों के त्वरित एव गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से चरस कुल वजन 02 किलो 800 ग्राम बरामद।**

**कार्यवाही का विवरणः-** दिनांक 08.04.2026 को थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर 01 अभियुक्त आदिल पुत्र खुरशैद निवासी ग्राम नाहल थाना मसूरी उम्र करीब 19 वर्ष को नाहल रोड डासना जेल के पीछे चौकी क्षेत्र जेल थाना मसूरी से चरस कुल वजन 02 किलो 800 ग्राम सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह चरस मैं कस्बा गुलावठी जिला बुलंदशहर से लेकर आया था, मैं चरस को लाकर के विभिन्न क्षेत्रों में बेचकर मुनाफा कमा कर अपने शौक पूरे करता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

आदिल पुत्र खुरशैद निवासी ग्राम नाहल थाना मसूरी उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

चरस कुल वजन 02 किलो 800 ग्राम बरामद।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण में थाना मसूरी पर एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है एवं इसके अलावा मारपीट एवं हत्या के 02 अभियोग पंजीकृत हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना मसूरी पुलिस टीम।

**साइबर सेल थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल 31,488/- रूपये की धनराशि वापस करायी गयी।**

आज दिनांक 08.04.2026 को साइबर सेल थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदक तुषार विश्वकर्मा निवासी थानाक्षेत्र भोजपुर, गाजियाबाद के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल 31,488 /- रूपये की धनराशि आवेदक को वापस करायी गयी।

## कार्यवाही का विवरण:-

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना भोजपुर गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से आवेदक के साथ 31,488 /- रूपये की ऑनलाइन ठगी से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर साइबर सेल थाना भोजपुर, कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक की धनराशि को होल्ड कराया गया तथा संबंधित से पत्राचार कर अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 08.04.2026 को आवेदक के साथ हुई साइबर फ्रॉड की कुल 31,488 /- रुपये की धनराशि को वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना भोजपुर आकर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

## कार्यवाही करने वाली टीम:-

साइबर सेल थाना भोजपुर पुलिस टीम।

## थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद।

दिनांक 07.04.2026 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त अजय उर्फ टुल्ली पुत्र पप्पू निवासी परमहंसविहार गेट सोमवार बाजार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष को थाना क्षेत्र लोनी से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर थाना लोनी पर तत्काल सुसंगत धारा-3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने यह अवैध तमंचा रौब जमाने और शौक के लिये अपने पास रखा हुआ था जिसे मैंने अपने दोस्त अमन उर्फ बिल्ला से लिया था। मैं इस अवैध तमंचा व कारतूस को लेकर निकला था कि पुलिस चेकिंग में पकड़ा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

अजय उर्फ टुल्ली पुत्र पप्पू निवासी परमहंसविहार गेट सोमवार बाजार थाना लोनी बॉर्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण –**

01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –**

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत थाना लोनी पर 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा पूर्व में थाना लोनी बॉर्डर पर चोरी, चोरी का माल बरामदगी व आर्म्स एक्ट के संबंध में 03 अभियोग पंजीकृत है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना लोनी पुलिस टीम।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा समस्त थानों पर 'वादी संवाद दिवस' आयोजित किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाजियाबाद में **वादी संवाद नीति** लागू की गई है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक बुधवार को सभी थानों पर **वादी संवाद दिवस** आयोजित किया जाता है। जिसके क्रम में आज दिनांक **08.04.2026** दिन **बुधवार** को कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त थानों पर पूर्व की तरह **वादी संवाद दिवस** आयोजित किया गया।

वादी संवाद दिवस का उद्देश्य वादियों और पुलिस के बीच सार्थक संवाद स्थापित कर पारदर्शिता, विश्वास एवं शीघ्र न्याय की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना है। जिसके क्रम में विवेचनाधीन अभियोगों (एफ0आई0आर0/एन0सी0आर0) तथा गुमशुदगी से सम्बन्धित वादी को थाने पर आमंत्रित कर सम्बन्धित विवेचकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विवेचना

की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति से अवगत कराते हुए वादियों के सभी प्रश्नों का उचित, तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर देते हुए संतुष्ट किया गया।

**आज दिनांक 08.04.2026 को आयोजित किये गए वादी संवाद दिवस का जोन वार विवरण निम्न प्रकार है-**

| क्र.सं. | जोन | संवाद हेतु थानों पर उपस्थित आये वादियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | नगर | 87 |
| 2. | ट्रांस हिण्डन | 57 |
| 3. | ग्रामीण | 84 |
| **कुल कमिश्नरेट गाजियाबाद** | | **228** |

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में **वादी संवाद दिवस** गाजियाबाद पुलिस की एक जन सरोकार आधारित पहल है इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक वादी को अपने प्रकरण की सही जानकारी समय पर मिले एवं उन्हें न्याय की प्रक्रिया पर विश्वास और संतोष प्राप्त हो। यह नई पहल पुलिस व जनता के बीच आपसी सहयोग एवं विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा जनकेन्द्रित पुलिसिंग के दृष्टिगत भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचार जारी रहेंगे।

**श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में गाजियाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति एवं अवैध हथियार मुक्त गाजियाबाद बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान “ऑपरेशन प्रहार” के अन्तर्गत आज दिनांक 08.04.2026 को श्री जियाउद्दीन अहमद सहायक पुलिस आयुक्त नन्दग्राम एवं थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा राज कुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी राजनगर एक्टेंशन गाजियाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओ को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हे नशे और अवैध गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था, जिसमें लगभग 450 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश कुमार द्वारा छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति एक व्यक्ति विशेष के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि  पूरे परिवार व समाज की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। युवायों से अपील की कि वे नशे और अवैध हथियारों से दूरी बनाये रखे और समाज में सकारात्मक योगदान दें।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को जागरूक करने के लिए विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत किये और बताया कि गाजियाबाद पुलिस लगातार नशे के कारोबारियों एवं अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही है। आपरेशन प्रहार इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जिसका उद्देश्य गाजियाबाद को सुरक्षित और स्वस्थ व अपराध मुक्त बनाना है। कॉलेज प्रशासन द्वारा पुलिस प्रशासन के इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

**गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज को नशा और अपराध से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है पुलिस प्रशासन और शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से युवाओं को जागरूक कर एक सुरक्षित और स्वस्थ व अपराध मुक्त गाजियाबाद का निर्माण किया जा रहा है।**

**श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में गाजियाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति एवं अवैध हथियार मुक्त गाजियाबाद बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान “ऑपरेशन प्रहार” के अन्तर्गत आज दिनांक 08.04.2026 को श्रीमति प्रियाश्री पाल सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी एवं थानाध्यक्ष वेवसिटी एवं वेवसिटी पुलिस टीम द्वारा अध्यात्मिक नगर इण्टर कालिज डासना, आर्यबन्धु इण्टर कालिज सादातनगर इकला एवं जे0एस0एस पब्लिक स्कूल लालकुआं कमिश्नरेट गाजियाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओ को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हे नशे और अवैध गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था, जिसमें लगभग 800 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।**

**वेवसिटी पुलिस टीम द्वारा युवाओं/छात्रों को जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि उसके भविष्य और समाज की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है।**

युवायों से अपील की कि वे नशे और अवैध हथियारों से दूरी बनाये रखे और समाज में सकारात्मक योगदान दे।

## कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु

- इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटी छोटी कहानियां रहीं जिनके माध्यम से छात्रों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों तथा अवैध हथियारों के खतरों के बारे में जागरूक किया गया।
- बच्चों को हिदायत दी गयी कि अगर आप किसी को नशा करते हुए देखते है, या आपको कोई बलपूर्वक नशे करने के लिए दबाव बनाता है तो आप अपने माता-पिता, अध्यापकों को बताये या हम पुलिस वालों को बताये हम आपको इस जाल से बाहर निकलने में मदद करेंगे।
- बच्चों को अवैध शस्त्रों के सम्बन्ध में बताया गया कि आपके पास सबसे बड़ा शस्त्र आपकी कलम है इस कलम के माध्यम से कोई भी जंग जीती जा सकती है अवैध शस्त्र से आपके स्वयं सलाखों के पिछे जाने का खतरा है।

**"Education is the most powerful weapon in this world"**

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को जागरूक करने के लिए विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत किये और बताया कि गाजियाबाद पुलिस लगातार नशे के कारोबारियों एवं अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही है। आपरेशन प्रहार इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जिसका उद्देश्य गाजियाबाद को सुरक्षित और स्वस्थ बनाना है। स्कूल प्रशासन द्वारा पुलिस प्रशासन के इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज को नशा और अपराध से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है पुलिस प्रशासन और शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से युवाओं को जागरूक कर एक सुरक्षित और स्वस्थ गाजियाबाद का निर्माण किया जा रहा है।

## "Reducing Traffic Congestion (RTC)" योजना के अंतर्गत गाजियाबाद में सुगम यातायात व्यवस्था हेतु कार्यवाही

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की 10 प्रमुख प्राथमिकताओं के अंतर्गत यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से "**Reducing Traffic Congestion (RTC)**" योजना लागू की जाएगी। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के 20 प्रमुख कमिश्नरेट/जनपदों का चयन किया गया है, जिनमें कमिश्नरेट गाजियाबाद भी सम्मिलित किया गया है।

*उक्त योजना के अंतर्गत गाजियाबाद जनपद में ऐसे 08 प्रमुख मार्गों—* **1-** यूपी गेट से राहुल विहार (एन०एच०-09), **2-** राहुल विहार से डासना, **3-** लाल कुआँ से मेरठ तिराहा, **4-** हिण्डन नदी पुल से सीमापुरी जीटी रोड, **5-** यू०पी० गेट से मोहननगर बस स्टेण्ड, **6-** नागद्वार से टीला मोड वाया भोपुरा तिराहा, **7-** रोटरी गोलचक्कर से ए०एल०टी० पुल, **8-** मेरठ तिराहा से मनन धाम को जहाँ मार्ग की दूरी के अनुपात में यात्रा समय अत्यधिक होने के कारण उन्हें अतिव्यस्ततम श्रेणी में रखा गया है। इन मार्गों पर सुगम एवं निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने हेतु यातायात पुलिस के अधिकारियों को 08 "रूट मार्शल" के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

रूट मार्शल निरंतर अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए यातायात संचालन का निरीक्षण करेंगे तथा मार्गों पर उत्पन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त, यातायात पुलिस द्वारा संबंधित कार्यदायी संस्थाओं (जैसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग आदि) के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

योजना के अंतर्गत इन मार्गों पर अतिरिक्त यातायात पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, जिससे जाम की स्थिति को नियंत्रित करते हुए यात्रा में लगने वाले समय को कम किया जा सके तथा वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को घटाकर वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

रूट मार्शल अपने निरीक्षण के आधार पर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु सुझाव संकलित करेंगे तथा कार्यालय के माध्यम से संबंधित विभागों को प्रेषित करेंगे, ताकि दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

**जनसामान्य से अपील:-**

यातायात पुलिस गाजियाबाद सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि—

- सड़कों पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा **152** बी**0**एन**0**एन**0**एस**0**एस**0** के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
- निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें।
- यातायात नियमों का पालन करें।
- अवैध रूप से वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें।